सरकारी माध्यमिक विद्यालय, कोलिहाल	
तहसील:- सुरपुर	**जिला:- यादगीर**
अर्ध वार्षिक परीक्षा	
विषय:- तृतीय भाषा हिंदी	कक्षा:- दसवीं
कुल अंक:- 80	समय:- 2.30 घंटे

खण्ड 'क'

(व्याकरण विभाग)

I. निम्न प्रश्नों के लिए चार विकल्प है, सही विकल्प चुनकर लिखिए | 8X1=8

1) 'शिक्षित' शब्द का विलोमार्थक शब्द है |

अ) निरक्षर आ) अशिक्षित इ) सुशिक्षित ई) साक्षर

2) 'भेजना' क्रिया का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है |

अ) भिजाना आ) भेजाना इ) भिजवाना ई) भेज

3) 'पौ फटना' मुहावरा का अर्थ है |

अ) काम में आना आ) प्रारंभ करना इ) संध्या होना ई) प्रभात होना

4) 'नौका' शब्द का अन्य वचन रूप है |

अ) नौकाएँ आ) नौकाओं इ) नौकियाँ ई) नौकों

5) 'डॉक्टर' शब्द का अन्य लिंग रूप है |

अ) लेडी डॉक्टर आ) महिला डॉक्टर इ) डॉक्टरनी ई) सिस्टर

6) 'बुनियाद' शब्द का पर्यायवाची शब्द है |

अ) संध्या आ) नींव इ) मकान ई) सूर्यास्त

7) 'गिल्लू को पकड़कर' रेखांकित कारक है |

अ) कर्म कारक आ) करण कारक इ) संबंध कारक ई) कर्ता कारक

8) 'गिरीश' में निहित संधि है |

अ) गुण संधि आ) दीर्घ संधि इ) व्यंजन संधि ई) यण् संधि

खण्ड 'ख'

(गद्य और पद्य विभाग)

II. स्तंभ 'क' के साथ स्तंभ 'ख' के शब्दों को जोड़कर लिखिए | 4X1=4

9)

क	ख
अ) एक सेब भी खाने	1) शत-शत बार प्रणाम	
आ) शम्सुद्दीन	2) राम भरोसो एक	
इ) सुसत्यव्रत	3) लायक नहीं	
ई) मातृ-भू	4) चचेरे भाई

III. अनुरूपता प्रश्न 4X1=4

10) नागपुर : संतरा : : कश्मीर : ?

11) गुलाब : पौधा : : सोनजुही : ?

12) हिंदू : मंदिर : : इस्लाम : ?

13) फेसबुक : वरदान : : हैकिंग : ?

IV. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए | 6X1=6

14) आई.टी.ई.एस का विस्तृत रूप क्या है ?

15) रोज़ एक सेब खाने से किनकी ज़रूरत नहीं होगी ?

16) गिलहरी की समाधि कहाँ बनायी गयी है ?

17) आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है ?

18) अब्दुल कलाम जी के बचपन में दुर्लभ वस्तु क्या थी ?

19) भारत के खेत कैसे हैं ?

V. निम्न प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए | 11X2=22

20) लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

21) दोस्तों ने किन-किन जानवरों से मुलाकात की ?

22) समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

23) दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

24) अब्दुल कलाम का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी में बीतने के कारण लिखिए |

25) बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से क्यों इनकार करता है ?

26) मनुष्य को हंस की तरह क्या करना चाहिए ?

27) दूकानदार ने लेखक से क्या कहा ?

28) आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या-क्या देती थीं ?

29) शनि किसका पुत्र है ? शनैश्चर का अर्थ क्या है ?

30) सूर्य का एक चक्कर लगाने में शनि को कितना समय लगता है ?

VI. निम्न प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए | 4X3=12

31) गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए |

32) शम्सुद्दीन अख़बारों के वितरण का कार्य कैसे करते थे ?

33) बसंत ईमानदार लड़का है | कैसे ?

34) सेब की हालत के बारे में लिखिए |

VII. निम्न प्रश्नों के उत्तर चार या पाँच वाक्यों में लिखिए | 1X4=4

35) गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी की ममता का वर्णन कीजिए |

अथवा

भावार्थ लिखिए |

'यह मनुज, जो सृष्टि का श्रृंगार, ज्ञान का, विज्ञान का, आलोक का आगार |

व्योम से पाताल तक सब कुछ इसे है ज्ञेय, पर, न यह परिचय मनुज का, यह न उसका श्रेय |

36) कविता को पूर्ण कीजिए | **1X4=4**

एक हाथ ______________________________________ बार प्रणाम |

अथवा

दया ______________________ प्राण || तुलसी _____________________ भरोसो एक ||

खण्ड 'ग'

(रचना विभाग)

VIII. निम्न गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 4X1=4

37) भारत की जिन नारियों ने अपने बलबूते पर देश का मस्तक ऊँचा किया, उनमें एक और नाम जुड़ गया है - कल्पना चावला | प्यार से उसे पूरा देश 'अंतरिक्ष - परी ' कहता है | हरियाणा के करनाल नगर में जन्मी कल्पना के पिता का नाम बनारसीलाल चावला है | कल्पना ने मॉडल टाउन करनाल के टैगोर विद्यालय से आरंभिक शिक्षा प्राप्त की | वह आरंभ से ही कुशाग्र - बुध्दि, दृढ़ निश्चयी, प्रतिभाशालिनी तथा मौनी थी | उसने पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ से एरो स्पेस में बी. ई. की डिग्री प्राप्त की |

(1) किसे पूरा देश 'अंतरिक्ष - परी ' कहता है ?

(2) कल्पना चावला के पिता का नाम क्या है ?

(3) कल्पना चावला का स्वभाव कैसा था ?

(4) कल्पना चावला की शिक्षा के बारे में लिखिए।

IX. निम्न वाक्यों को कन्नड़ में अनुवाद कीजिए | 4X1=4

38) गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज़ थी |

39) गिल्लू मेरे पास रखी सुराही पर लेट जाता था |

40) इंटरनेट की सहायता से बेरोज़गारी को मिटा सकते हैं |

41) यह गरीब है पर इसमें एक दुर्लभ गुण है |

X. पत्र-लेखन (अर्जुन/अनिता, सरकारी माध्यमिक विद्यालय, कृष्णापुर) 1X4=4

42) अपनी शैक्षिक विकास के बारे में पिताजी को पत्र लिखिए |(पता, संबोधन, अभिवादन, विषय-वस्तु, समापन)

अथवा

स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए प्रधान अध्यापक के नाम पत्र लिखिए |(पता, संबोधन, अभिवादन, विषय, विषय-वस्तु, समापन)

XI.निबंध लेखन (किसी एक विषयपर) (प्रस्तावना, विषय-वस्तु, उपसंहार) 1X4=4

43) अ) डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम आ) पर्यावरण दिवस इ) कंप्यूटर की उपयोगिता